卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 162 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦19 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कार नदी में गिरी, चार लोगों की मौत

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड से सटे हिमाचल बॉर्डर पर एक भीषण कार हादसे की खबर सामने आयी है। बताया जा रहा है कि कार अनियंत्रित होकर टोंस नदी में गिर गयी। इस हादसे में कार में सवार 4 लोगों की मौत हो गई। इनमें से दो हिमाचल के रहने वाले थे, तो दो देहरादून विकासनगर के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह विकास नगर से मीनस की ओर जा रही एक कार क्वानू-मीनस मार्ग पर हिमाचल व उत्तराखंड बॉर्डर के समीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई और सीधे टोंस नदी में समा गई। बताया जा रहा है कार सवार चार लोग विकासनगर से हिमाचल के चौपाल जा रहे थे। हादसे की सूचना से एसडीएम चकराता युक्ता मिश्रा के निर्देशन में राजस्व पुलिस और एसटीएफ की टीम रेस्क्यू के लिए घटनास्थल को रवाना हो गई। कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से आसपास के ग्रामीण राहत एवं बचाव कार्य को मौके पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कार सवार चार व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो की पहचान 35 वर्षीय संदीप पुत्र आत्मा राम निवासी नेरवा शिमला हिमाचल और 32 वर्षीय मनोज जिंटा पुत्र केवल राम निवासी हिमाचल के रूप में हुयी है। जबकि दो मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि उन्हें भी हिमाचल के नेरवा-चौपाल निवासी बताया जा रहा है।



## अतिक्रमण पर अब यहां गरजी जेसीबी

### अभियान में आठ सौ से अधिक परिवार होंगे बेघर

विकास नगर (उद संवाददाता)। शक्तिनहर किनारे अवैध कब्जों के ध्वस्तीकरण के लिए चरण बद्ध अभियान रविवार को शुरू हो गया। जल विद्युत निगम ने शक्ति नहर किनारे अवैध रूप से बसे व्यक्तियों को हटाने के लिए भारी पुलिस बल के साथ अभियान चलाया। इस दौरान जेसीबी की मदद से अवैध कब्जों को ध्वस्त किया गया। प्रथम चरण में टकरानी क्षेत्र में अवैध कब्जे हटाए जा रहे हैं। पूरे क्षेत्र में अवैध रूप से करीब 800 से 900 परिवार बसे हुए हैं। बता दें कि जल विद्युत निगम प्रशासन ने 48 अवैध कब्जेधारियों को 24 घंटे में जमीन खाली करने का नोटिस दिया था। जैसे ही 24 घंटे पूरे हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई। इसी तरह से चरणबद्ध तरीके से डाक पत्थर से ढालीपुर तक अवैध कब्जे हटवाए जाएंगें। निगम, पुलिस और प्रशासन ने कब्जे हटाने के लिए ठोस कार्य योजना तैयार कर ली थी।यूजेवीएनएल व तहसील की टीम सत्यापन कार्य पूरा करने के बाद डिमार्केशन की (शेष पृष्ठ सात पर)



## पुनर्वास के लिए नगर निगम में गरजे व्यापारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एन एच विभाग द्वारा डी डी चौक से इंद्रा चौक तक उजाड़े गए सैकड़ों व्यापारियों ने आज पुर्नवास की मांग को लेकर रोडवेज के सामने से नगर निगम तक जोरदार प्रदर्शन कर एम एन ए से मुलाकात की जिन्होंने व्यापारियों को इस मामले में आपसी वार्ता के साथ समाधान कराने का भरोसा दिया। इससे पूर्व सैकड़ों की संख्या में व्यापारी रोडवेज के सामने एकत्रित हुए। जहां उन्होंने प्रशासन द्वारा व्यापारियों के किए जा रहे उत्पीड़न की कड़े शब्दों में निंदा की। इसके पश्चात व्यापारी व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा एवं ध्वस्त हो चुकी राममनोहर लोहिया मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष आशू ग्रोवर के नेतृत्व में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर निगम गेट पर पहुंचे। जहां व्यापारियों ने धरना दिया। उनका स्पष्ट कहना था कि उनके पुर्नवास की यथाशीघ्र व्यवस्था की जाए ताकि उजाड़े गए व्यापारी अपना रोजगार फिर से स्थापित कर परिवार का भरण पोषण कर सकें। (शेष पृष्ठ सात पर)



**कृषि भूमि बिकाऊ**

7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी

**लोकेशन:** गदरपुर-गूलरभोज रोड पर
नजदीकी रेलवे स्टेशन:गूलरभोज(6 किमी)
नजदीकी एयरपोर्ट: पंतनगर (20 किमी)
नजदीकी शहर: गदरपुर (4 किमी)

okLrfod [kjhnnkj
lid djs&9891277500

## कांग्रेसजनों ने मुख्य नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगदीश तनेजा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मुख्य नगर आयुक्त को उनके कार्यालय नगर निगम में एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि पिछले दिनों बस स्टैंड के सामने राम मनोहर लोहिया मार्केट व काशीपुर बाईपास पर समोसा मार्केट व अन्य खोखा फड़ आदि दुकानों को प्रशासन द्वारा हटा दिया गया था। जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। इनमें अधिकतर व्यापारी बहुत गरीब है और रोजाना मेहनत कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। दुकाने टूटने की वजह से उनके परिवारों में रोजी रोटी का संकट मंडरा रहा (शेष पृष्ठ सात पर)



## उजाड़े गये व्यापरियों के लिए नगर निगम बनायेगा मार्केट

### उजाड़े गये व्यापारियों को दी जायेंगी पचास प्रतिशत दुकानें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल हाईवे से उजाड़े गये व्यापारियों के लिए नगर निगम मार्केट विकसित करेगा। जल्द ही इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जायेगा। यह निर्णय नगर निगम बोर्ड की बैठक में लिया गया। इसके अलावा बोर्ड की बैठक में रविवार को कई अन्य प्रस्ताव भी पारित किये गये। मेयर रामपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुयी कार्यवाही की पुष्टि हुयी। बैठक में पार्षदों ने अपने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों एवं समस्याओं को लेकर प्रस्ताव रखे। बैठक में सबसे पहला प्रस्ताव उजाड़े गये व्यापारियों को लेकर रखा गया। जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि नगर निगम जल्द ही एक मार्केट विकसित करेगा। जिसमें उजाड़े गये व्यापारियों का पुनर्वास होगा। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि जल्द ही मार्केट बनाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जायेगा। इस मार्केट में 50 प्रतिशत दुकानें रोडवेज के पास से उजाड़े गये दुकानदारों को (शेष पृष्ठ सात पर)



## अतिक्रमण तोड़ने आई टीम को बैरंग लौटाया

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के कोसी बैराज पर स्थित एक चाय की दुकान को तोड़ने के लिए गई प्रशासन की टीम को भाजपा नेताओं के कड़े विरोध के बाद मौके से बैरंग लौटना पड़ा।बता दें राम नगर में होने वाली जी-20 की बैठक को लेकर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है जिसको लेकर एसडीएम गौरव चटवाल एवं तहसीलदार विपिन चंद्र पंत के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम कोसी बैराज पर चाय की दुकान को तोड़ने के लिए गई थी प्रशासन की इस कार्रवाई की भनक लगते ही भारी संख्या में भाजपा नेता मौके पर पहुंचे और उन्होंने प्रशासन की इस कार्रवाई का जमकर विरोध किया तो वही भाजपा नेता और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों से कहा कि अतिक्रमण के नाम पर कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा। हंगामे की सूचना के बाद विधायक दीवान सिंह बिष्ट भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने एस डीएम गौरव चटवाल से वार्ता की जिसके बाद प्रशासन की टीम ने अपने इस निर्णय को वापस ले लिया और टीम मौके से बैरंग लौट गई वहीं कई लोगों ने प्रशासन की टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा (शेष पृष्ठ सात पर)



## कोर्ट के आदेश पर सगे भाइयों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

### बारह साल पूर्व ढकिया गुलाबो रोड पर चलाया करते थे चिटफंड कंपनी

काशीपुर। रकम दोगुना करने के नाम पर चिटफंड कंपनी चलाने वाले सगे भाइयों ने एक महिला से लगभग 65 हजार रुपयों की रकम हड़प कर ली। पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर आरोपी भाइयों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम बरखेड़ा पांडे थाना आईटीआई निवासी वकीला पत्नी नजाकत ने बताया कि गांव के ही फुरकान व इदरीस पुत्रगंण हनीफ कुछ वर्ष पूर्व ढकिया गुलाबो रोड पर पेस्टी ग्रीन इंडिया नामक कंपनी चलाया करते थे। फुरकान ने खुद को कंपनी का ब्रांच मैनेजर बताते हुए वकीला को झांसे में लेते हुए कहा कि वह 25 हजार रुपयों की एफडी करा ले 5 वर्ष में यह रकम दोगुनी हो जाएगी। महिला ने फुरकान पर भरोसा कर वर्ष 2013 की 26 जुलाई को ससुर के नाम 25 हजार रुपयों की एफडी करा ली। इसी तरह उसके पति नजाकत अली ने भी फुरकान पर भरोसा कर कंपनी में 3176 रुपया माहवार जमा करना शुरू किया। वर्ष 2018 की 26 दिसंबर को एफडी की मियाद पूरी हो गई। उधर दूसरी ओर महिला के पति ने भी 5 माह लगातार रकम जमा किए। इस तरह दोनों मिलाकर 65850 रुपयों की नगरी कंपनी में जमा हो गई। महिला का आरोप है कि जब उसने फुरकान से जमा रकम का भुगतान मांगा तो वह टालमटोल (शेष पृष्ठ सात पर)

### पहले भी दर्ज हो चुका है केस

काशीपुर। धोखाधड़ी के अभियुक्त सगे भाइयों पर दर्जनों लोगों के लगभग 50 लाख की रकम के गबन का आरोप है। बताया जा रहा है कि इनके खिलाफ पूर्व में भी धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत हुआ है। अभियुक्त फुरकान गांव में ही रहा करता है जबकि उसका दूसरा भाई इदरीश मोहल्ला जसपुर खुर्द में बांसियों वाला मंदिर के समीप फर्नीचर की दुकान चलाता है।

## हाथियों का झुंड आने से हाईवे जाम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल और पंतनगर रोड पर हाथियों का झुंड आने से हड़कम्प मच गया। हाथियों से सड़क पर खड़े होने से वाहनों की लंबी कतार लग गई। हाथियों के जंगल में जाने के बाद यातायात सुचारू हो पाया। सूचना पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गयी। शनिवार रात आठ बजे के आसपास टांडा जंगल से हाथी नैनीताल रोड पर आ गए। जिससे वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों में हड़कम्प मच गया। लोगों ने अपने वाहन रोक लिए। करीब 10 मिनट बाद हाथियों के जंगल में वापस जाने के बाद यातायात सुचारू हुआ। इससे पहले शाम को हाथी हल्दी पंतनगर रेलवे स्टेशन होते हुए पंतनगर रोड पर आ गए। यह देख चालकों ने अपने वाहन दूर ही रोक लिए। जिससे मौके पर (शेष पृष्ठ सात पर)



# पुलिस ने बरामद किया अंजलि का सुसाइटनोट, पिता से पूछताछ

## महिला और तीन मासूम बच्चों की आत्महत्या को आर्थिक तंगी और कर्जदारी बताया जा रहा कारण, खाने को नहीं था आटा चावल, बिसरा जांच के लिए भेजा

कपकोट (उद संवाददाता)। बागेश्वर जनपद के जोशीगांव (घिरौली) मां और तीन बच्चों के शव घर के अंदर मिलने के मामल की गुत्थी सुलझ गई है। घटनास्थल से मिले एक सुसाइड नोट ने चारों की मौत का राज खोल दिया। शनिवार को पुलिस ने दोबारा घटनास्थल की जांच की तो वहां एक छह पन्नों का सुसाइड नोट मिला। जो मृतका की बेटी अंजली ने लिखा था। एसपी हिमांशु कुमार वर्मा ने बताया कि बच्ची ने सुसाइड नोट में मौत का कारण आर्थिक तंगी और मानसिक परेशानी बताया है। उसमें लिखा था कि लोग उनके पिता द्वारा लिए गए पैसे मांग रहे हैं। कई लोग तो घर तक आ जाते हैं। खाने के लिए भी राशन नहीं है। जिस वजह से हम परेशान हैं। परिवार के मुखिया भूपाल राम के खिलाफ कोतवाली में धोखाधड़ी का केस पंजीकृत है। पुलिस के अनुसार, वह कई लोगों से ठगी कर चुका था। इसी कारण लोगों और पुलिस से छुपता-छुपाता था। बता दें कि मूल रूप से कपकोट के भनार गांव निवासी भूपाल राम का परिवार इस मकान में किराये पर रहता था। बृहस्पतिवार को मकान के भीतर भूपाल राम की पत्नी नीमा देवी (40), पुत्री अंजलि (14), पुत्र कृष्णा (8), पुत्र भाष्कर (5-6 माह) के सड़े गले शव बरामद हुए थे। सबसे पहले घटना की सूचना मकान मालिक गोविंद सिंह को प्लंबर राजेंद्र सिंह भाकुनी ने दी थी। पुलिस





फाईल फोटो

ने उनसे भी पूछताछ की। पुलिस की छानबीन में कमरे से सल्फास जैसी गोलियां बरामद हुई थीं। गोलियों को जांच के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही जहरीले पदार्थ के बारे में स्थिति साफ हो पाएगी। पुलिस ने घटनास्थल पर किचन का बारीकी से मुआयना किया। रसोई में राशन के बर्तन खाली पड़े थे। आटा, चावल, तेल आदि कुछ भी सामग्री रसोई में नहीं थी। गैस का चूल्हा तो था, लेकिन सिलिंडर नहीं था। यानि कि परिवार के पास न तो खाने के लिए राशन था, न भोजन बनाने का साधन। पोस्टमार्टम में मृतकों के शव एक सप्ताह पुराने होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों के पैनल में शामिल डॉ. राहुल मिश्रा ने बताया कि शव करीब एक सप्ताह से पुराने हैं। यानी कि चारों की मौत होली के आसपास या होली के बाद हुई है। पैनल में शामिल डॉ. राहुल मिश्रा ने बताया कि शव सड़े-गले होने के कारण मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। मृतकों का बिसरा, आंत और कुछ अन्य हिस्से फॉरेंसिक जांच के लिए रुद्रपुर लैब भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों के शरीर में कीड़े पड़ने के कारण चेहरा भी विकृत हो गया था। बिसरा और अन्य रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# पैसे मांगने आते थे लोग, लोकल पुलिस ने नहीं किया सहयोग!

## एसपी ने एसएचओ को किया लाइन हाजिर

बागेश्वर (उद संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार वर्मा ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि जोशीगांव में गोविंद बिष्ट के मकान में किराये पर रह रहे भूपाल राम पुत्र हरीश राम, निवासी भनार, घटबगड़ की पत्नी नंदी देवी, बेटी अंकिता, बेटा कृष्णा और भावेश की संदिग्ध मौत हो गई थी। कमरे दोनों अंदर से बंद थे। शवों का पोस्टमार्टम कर लिया गया है। बिसरा जांच के लिए भेजा गया है। घर की तलाशी के दौरान एक सुसाइड नोट मिला। जिसे कक्षा आठ में पढ़ रही मृतका अंकिता ने लिखा था। आर्थिक तंगी और देनदारी से परिवार परेशान था।




पत्रकार वार्ता में एसपी ने कहा कि भूपाल राम के घर लोग पैसा मांगने घर आ रहे थे। मृतका छात्रा ने लिखे सुसाइट नोट में परिवार मानसिक रूप से परेशान था लोगों द्वारा ठगी करने की रकम वापस करने को लेकर आए दिन मानसिक रूप से परेशानी होना, आर्थिक रूप से तंगी और सामाजिक प्रतिष्ठा का हरास होना, परिवार के भरण पोषण में समस्या होना, भी कारण सामने आया है। सुसाइड नोट में लिखा है कि लोकल पुलिस ने सहयोग नहीं किया। जिसमें घर आकर पैसा मांगने वाले कुछ लोगों के नाम भी लिखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सुसाइड नोट का अवलोकन करने के लिए टीम बना दी गई है। सुसाइड नोट की राइटिंग मिलाने के लिए अंजलि की कापी भी ली गई है। जिसकी जांच राइटिंग एक्सपर्ट से भी कराई जाएगी। पुलिस का सहयोग नहीं मिलने पर एसएचओ को लाइन हाजिर कर दिया गया है। विवेचना कपकोट कोतवाली और सीओ को सौंपी गई है। मामले में लापरवाही पर विभागीय जांच की जा रही है। विवेचना में अन्य तथ्य सामने आने अग्रिम कार्रवाई होगी। एसपी ने कहा कि भूपाल राम को कांडा के चुचेर गांव से पुलिस लेकर आई है। उससे पूछताछ की जा रही है। रीमा निवासी नीमा देवी के विरुद्ध धारा 306 यानी आत्महत्या को प्रेरित करने पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस दौरान सीओ अंकित कंडारी आदि उपस्थित थे।

# एक वर्ष से मैदानी जिलें में जमे निरीक्षक समेत कई उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण

## दर्पण की खबर का असर : खटीमा के कोतवाल समेंत कई थानेदार सूची में शामिल

-अनिल सागर-

ऊधम सिंह नगर। जिले सें तबादला होने के बाद भी एक वर्श से जमें 1 निरीक्षक समेंत 18 उप निरीक्षक को आईजी कुमांऊ ने जिला छोड़ने के आदेश दिए है। इनमें खटीमा के कोतवाल समेंत कई थानाध्यक्ष भी शामिल है, इन सभी का एक वर्श पूर्व तबादला हो गया था, लेकिन किन्ही कारणों से कुछ माह के लिए इनके स्थानान्तरण आदेश रोक दिए गए थे। जिसको लेकर उत्रांचल दर्पण ने खबर प्रकाशित की थी। गौरतलब है कि 16 मार्च 2022 को डीआईजी नीलेश आनन्द भरणे द्वारा पुलिस स्थानान्तरण निति के अधीन मैदानी जिलों में तैनाती की समय सीमा पुरी करने वाले एक निरीक्षक व 18 उप निरीक्षक के तबादले किए थे। लेकिन स्थानान्तरण होने के बाद उपनिरिक्षक के प्रार्थना पत्र पर उनके स्थानान्तरण को कुछ माह के लिए स्थागित कर दिया था। जिसमें कई उपनिरीक्षक मैदानी जिलों का मोह नही त्याग पा रहें थे, लेकिन पुलिस


मैदानी जिलें में सेवा अवधि पूर्ण होने के बाद भी
जिला नही छोड़ रहे एक इंस्पेक्टर व 16 एसआई
नही त्याग पा रहे मैदानी मूल का मोह
कोतवाल और प्रभारी हैं निरीक्षक व उप निरीक्षक

### आईजी भरणे ने दिए थे सख्त निर्देश

ऊधमसिंहनगर। आईजी नीलेश आन्नद भरणे के सख्त आदेश से तबादला होने के बाद एक साल से मैदान में जमें एक निरीक्षक व उप निरीक्षक चाहकर भी अपना तबादला नही रूकवा सकते। डीआईजी का सख्त आदेश है कि स्थानान्तरित किसी कार्मिक के किसी प्रार्थना पत्र पर तब तक विचार नही किया जायेगा जब तक वह नए जनपद में अपना आगमन न करा ले। नए जनपद में ज्वाईनिग के बाद भी कार्मिक के किसी प्रार्थना पत्र पर विचार किया जायेगा। साथ ही 1 अप्रेल तक नए जनपद में आगमन के आदेश निर्गत किये गए है। डीआईजी के सख्त आदेश से तबादला रूकबाने के उम्मीद कई उपनिरीक्षकों ने छोड़ दी है।

स्थानान्तरण नीति के चलते इनका ज्यादा समय मैदानी जिलों में रोक पाना मुश्किल था। अब एक वर्श पुरा होने के बाद आईजी निलेश आनन्द भरणे ने अपने नए आदेश देते हुये उक्त सभी उपनिरिक्षक व निरिक्षक को तत्काल अपने जिलों में तैनाती के आदेश दिए है। डीआईजी ने खटीमा के कोतवाल नरेश चौहान को अल्मोड़ा, थानाध्यक्ष नानकमत्ता देवेन्द्र गौरव को पिथौरागढ़, एसएसआई कमाल हसन को अल्मोड़ा, एसआई मनोहर चंद को बागेश्वर, थानाध्यक्ष ललित मोहन रावत को पिथौरागढ़, भगवान गिरी गोस्वामी को अल्मोड़ा, पुलभटटा थानाध्यक्ष कमलेश भटट को चम्पावत, निर्मला पटवाल बागेश्वर, सतपाल पटवार बागेश्वर, ओमप्रकाश सिंह चम्पावत, भुवन चन्द्र जोशी अल्मोड़ा, राकेश कठायत चम्पावत, महेश चन्द्र बागेश्वर, महेश जोशी नेनीताल से अल्मोड़ा, प्रमोद पाठक नैनीताल से अल्मोड़ा, नन्दन रावत नैनीताल से अल्मोड़ा, दिनेश चन्द्र सिंह पिथौरागढ़ से ऊधम सिंह नगर, हेमचन्द्र तिवारी पिथौरागढ़ से ऊ0सिंह नगर, सौरभ भारती अल्मोड़ा से ऊधम सिह नगर भेजे गए है। इनमे तीन उप निरीक्षक को पहाड़ से मैदान भेजा गया है।

# पर्यटन नगरी कौसानी में बिजली और पानी का संकट गहराया

कौसानी (उद संवाददाता)। दुनिया में मिनी स्विट्जरलैंड नाम से विश्वविख्यात पर्यटन नगरी कौसानी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव हो रहा है। अल्मोड़ा-बागेश्वर जिले की सीमा पर स्थित कौसानी में पर्यटन सीजन शुरू हो गया है, सरकार पर्यटन को विकसित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है, पर मिनी स्विटरजरलैंड के नाम से विश्वविख्यात और अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के प्रसिद्ध स्थल कौसानी में विजली, पानी की समस्या पांच दिन से पानी और बिजली का संकट गहराया हुआ है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पर्यटन को देखते हुए कौसानी में विजली पानी की समस्या



बनी तो पर्यटन नगरी में आने वाले पर्यटकों को भी परेशानी उठानी पड़ सकती है, जिला व्यापार मंडल औरहोटल एसोसिएशन के अध्यक्ष बबलू नेगी ने बताया कि उन्होंने ऊर्जा निगम व जल संस्थान से कई बार मांग कर दी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं है। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। जबकि दोनों विधानसभाओं के विधायक कैबिनेट मंत्री है, इसके बाद भी मिनी स्विट्जरलैंड की पेयजल व्यवस्था के समाधान के लिए कोई स्थायी व्यवस्था की गई है, वही व्यापरियों और होटल व्यवसाईयों ने जल्द विजली पानी की समुचित व्यवस्था नही किए जाने पर ग्रामीणों के साथ आंदोलन की चेतावनी दी है।वही लोग दूरस्थ श्रोतों से पानी ढोने को मजबूर है।

# पच्चीस आवेदकों को उद्यम स्थापित करने को प्लाट देने की स्वीकृति

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमे महाप्रबंधक उद्योग कविता भगत द्वारा औद्योगिक आस्थान बिण में रिक्त भूखण्डों के आवंटन के संबंध में समिति को अवगत कराया गया कि 4 मार्च को विकास भवन सभागार में आयोजित उद्योग मित्र की बैठक में औद्योगिक आस्थान बिण में 31 प्लाटों के आवंटन हेतु आवेदनकर्ताओं का साक्षात्कार लिया गया था। जिनमें 25 आवेदनकर्ता उपस्थित हुए और 3 आवेदनकर्ताओं द्वारा अनुपस्थिति का कारण देते हुए साक्षात्कार प्रक्रिया मे सम्मिलित होने हेतु प्रत्यावेदन दिया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्तमान मे उपस्थित 25 आवेदनकर्ताओं को प्लाट आवंटन की कार्यवाही की जायेगी तथा अनुपस्थित 6 आवेदनकर्ताओं में से जो इच्छुक हैं, उनका समिति द्वारा आगामी जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक में साक्षात्कार लिये जाने के पश्चात ही प्लाट आवंटन का कार्य किया जायगा। महाप्रबन्धक उद्योग द्वारा समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि आवेदनकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित उद्यम के अनुसार प्रकृतिवार आस्थान में प्लॉटों का विभाजन किया गया है। जिसमें एक तरह का उद्यम स्थापित करने वाली इकाइयों को एक तरफ प्लाट आवंटन किया जाएगा। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि एक तरह की




इकाई स्थापित करने वाले आवेदनकर्ताओं को अवगत कराते हुए जिला उद्योग केंद्र कार्यालय में आमंत्रित कर उनसे सहमति प्राप्त कर ली जाए। यदि वे सहमत नहीं होते हैं तो उनके मध्य लॉटरी द्वारा निर्णय निकाला जाए। जो भी निर्णय हो वह समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। समिति आवेदन कर्ताओं का पक्ष जानने के पश्चात प्लॉट आवंटन का अंतिम निर्णय लेगी। प्लॉट आवंटन के पश्चात समस्त आवंटियों को आस्थान में स्थापित रोड/भवन में समान प्रकार कलर तथा न्यूनतम एवं अधिकतम ऊंचाई रखनी अनिवार्य होगी साथ ही बिल्डिंग/शेड के सामने का व्यू एक जैसा होगा। जिसे महाप्रबंधक उद्योग द्वारा आवंटन आदेश की शर्त में सम्मिलित किया जाएगा। महाप्रबंधक उद्योग द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि प्लाट आवंटन से पूर्व प्लाटों का डिमार्केशन किया जाना अनिवार्य है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा औद्योगिक आस्थान के विकास हेतु प्रस्तावित बजट प्राप्ति की प्रत्याशा में डिमार्केशन किए जाने के निर्देश बिडकुल को दिए गए। महाप्रबंधक उद्योग कविता भगत द्वारा जिलाधिकारी को यह भी अवगत कराया गया कि हिल्ट्रान के सामने वाले प्लाट में विद्युत पोल हैं जिन्हें हटाना आवश्यक है। जिस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग को सर्वे का विद्युत पोल हटाए जाने का इस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में राज्य कर विभाग लक्ष्मण सिंह राणा, पीडब्ल्यूडी केसी जोशी, चिकित्सा विभाग एचके मार्तोलिया, ब्रिडकुल प्रमोद पांडे, फायर डिपार्टमेंट किशोर उपाध्याय आदि अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
* दांतों की नसों का इलाज / RCT
* फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
* नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
* टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
* दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
* सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# कामना सागर में हजारों भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। मतुआ संप्रदाय के संस्थापक हरिचांद ठाकुर की 212वीं जयंती पर गुरुग्राम मंदिर में चार दिवसीय मतुआ मिलन कार्यक्रम शनिवार से शुरू हो चुका है। मतुआ मेले के दूसरे दिन रविवार तिथि अनुसार पर महावारुणी स्नान संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में स्थित कामना सागर में दोपहर 1:10 बजे से स्नान शुरू हुआ। कामना सागर में हजारो अनुयायो ने लगाई श्रद्धा की डुबकी। जिसकी हरिचंद गुरूचंद मतुआ धर्म सेवा समिति द्वारा सभी तैयारियां की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन भी किया गया। श्री ओढ़ाकांदी धाम बांग्लादेश व सात समुद्र व देश की प्रमुख तेरह नदियों से लाए गए जल को कृत्रिम तालाब श्कामना सागरश में मिलाकर उसे पवित्र कर महावारुणी स्नान के लिए तैयार किया गया है। साथ ही उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा सहित कई अन्य राज्यों से पहुंचे उनके अनुयायी आज मंदिर परिसर में स्थित कामना सागर मे आस्था की डुबकी लगाकर महावारुणी स्नान में हिस्सा लिया। मंदिर कमेटी द्वारा प्रशाद रूपी भंडारे का भी आयोजन किया गया।



# श्रीमद भागवत कथा में लिया आशीर्वाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और रुद्रपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती मीना शर्मा होटल कंचनतारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पहुंची जहां उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा होटल कंचन तारा पहुंची जहां श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कथाव्यास ब्रज भक्त आचार्य श्री रमाकांत गोस्वामी जी का फूल माला पहनाकर एवं बुके प्रदान कर भव्य स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शहर के प्रमुख उद्योगपति और समाजसेवी एस पी सॉल्वेंट के एम डी पवन कुमार द्वारा आयोजित किया गया है जिसमें शहर के सैकड़ों लोग प्रतिदिन



प्रतिभाग कर रहे हैं और कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास श्री रमाकांत गोस्वामी द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जन्म की सुंदर लीला का सचित्र और संगीतमय वर्णन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, श्रीमती श्वेता शर्मा, डाक्टर श्रीमती स्म्रता श्रीवास्तव, ईशानी शर्मा, अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# नुक्कड़ नाटक के जरिये की गयी स्वच्छता की अपील

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम रुद्रपुर द्वारा सभी चालीस वार्डों में स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जगतपुरा चौक, चामुंडा मंदिर, दुर्गा मंदिर संजय नगर, गोल मडैया (ट्रांजिट कैम्प) में स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें नुक्कड़-नाटकों के माध्यम से जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के साथ ही



सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जनता को गीला-सूखा कूड़े के बारे में नुक्कड़ नाटकों, सभाओं के माध्यम विस्तार से जागरूक किया जा रहा है और जनता को कूड़ा पृथक्करण के पर्यावरणीय प्रभावों के साथ ही प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। श्री मिश्रा ने जनता से अपील की है कि नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग करें और कोई भी नागरिक सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, अपने आसपास सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ ही कूड़ा पृथक करके ही दें। नुक्कड़ नाटक के दौरान सम्बन्धित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।

# ईश्वर कृपा बिना कुछ भी मिलना संभव नहीं: संत अगम पुरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्रीमद् भागवत को जीवन में उतारें। ईश्वर कृपा बिना मनुष्य को कुछ भी मिलना संभव नहीं। जो ईश्वर धर्म आराधना मन से करता है उसे दुख नहीं भोगने पड़ते। यह विचार कुरुक्षेत्र से पधारे परम पूज्यनीय संत अगमपुरी महाराज ने श्री अद्वैत स्वरुप अनंत आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर कहे। अगमपुरी महाराज ने कहा कि रामायण च श्रीमद् भागवत को अपने जीवन में उतार लें तो संसार व समाज का कल्याण हो सकता है। एक प्रभु भक्ति ही इस मायारूपी संसार में हमारी मुक्ति का साधन है। हमें अपना जीवन प्रभु को समर्पित कर दिया जाने चाहिए। वो जो भी करेंगे अच्छा ही करेंगे। हमें श्रीमद् भागवत गीता में दिये गये विचारों को आत्मसात करें। इस अवसर संत





अगमपुरी महाराज, ध्यानपुरी, संत व्यासपुरी ने भी अपने भजनों से भक्तों का मार्ग दर्शन किया। उन्होंने अपने भजनों में प्रभु भक्ति का संदेश दिया। भजनों को सुनकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया। इससे पूर्व सुबह हवन यज्ञ किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने पूर्ण आहूति दी। वहीं भंडारे में काफी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अशोक कुमार बजाज, गुंजन सुखीजा, टीकम खेड़ा, वेद ठुकराल, ओम बठला, देशराज हुडिघ्या, कृष्ण लाल बत्रा, विजय शर्मा, वन्दना शर्मा, केवल कृष्ण, सन्नी गाबा, दर्शन लाल ठुकराल, लाल चन्द बत्रा, मनोज गुम्बर, मुकेश पाल, राकेश भुड्डी, कृष्ण लाल अनेजा, सुनील बजाज, वेद ठुकराल, हंसराज ग्रोवर, दीवान चन्द अनेजा, धर्मपाल ठुकराल, धर्मवीर, हरदयाल गाबा, राखी बजाज, सीमा रानी, ममता रानी, मन्नी बजाज, अनिता गाबा,नेहा बजाज ,कृष्णा भुड्डी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# सुजीत मण्डल को अंग्रेजी में एम.फिल की उपाधि

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। गुरूग्राम निवासी सुजीत मंडल को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वाविद्यालय, हरियाणा से अंग्रेजी में एम.फिल. (मास्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि मिली है। सुजीत ने यह उपाधि विश्वविद्यालय परिसर में



आयोजित दीक्षांत समारोह में 'चार्टिज्म इन द सिलेक्ट नोवेल्स ऑफ थॉमस मार्टिन व्हीलर' नामक शीर्षक पर अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. मुकेश यादव के पर्यवेक्षण में शोध करने के बाद प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के रिसर्च डीन प्रोफेसर डॉ. संजीव शर्मा, कुलपति डॉ. एन. पी. कौशिक, माता-पिता, गुरुजनों तथा मित्रगणों आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। सुजीत क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों से सिंटेक्स अंग्रेजी कोचिंग क्लासेस के माध्यम से एक बेहतर समाज निर्माण के प्रयास में लगे हैं तथा साथ ही साथ अंग्रेजी शिक्षण के जरिये अपनी भारतीय मूल संस्कृति व सभ्यता पर बल दे रहे हैं। अभिभावकहीन छात्रों को प्रतिवर्ष निशुल्क शिक्षा प्रदान करते हैं।

# स्वास्थ्य एवं कल्याण में निरन्तरता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

रामनगर(उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में गृह विज्ञान विभाग द्वारा आईसीएसएसआर प्रायोजित स्वास्थ्य एवं कल्याण में निरन्तरता संभावनाएं, समस्याएं एवं चुनौतियाँ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। उत्तराखंड के उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. सी.डी.सूंठा ने दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उदघाटन किया।मुख्य वक्ता जी. बी.पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पन्तनगर की प्रो.आर.एस. रघुवंशी ने संगोष्ठी के विषय की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो.सी.डी. सूंठा द्वारा महाविद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा की गयी।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.एम.सी पाण्डे ने अपने उदबोधन में बताया कि विगत वर्षो में महाविद्यालय को हरित महाविद्यालय के रूप में दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुका हैं,साथ ही मुख्यमंत्री नवाचार योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में हिमालयी औषधि ज्ञान केंद्र सफलतापूर्वक कार्य




कर रहा हैं।महाविद्यालय में आगामी वर्षो में अमृतधारा मिशन के अंतर्गत 40 मेधावी छात्र छात्राओं का चयन कर के उनको सर्वांगीण विकास के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। संगोष्ठी में चौ.चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ और रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली से आए मूर्धन्य विद्वान प्राध्यापकों प्रो. एन.एल. शर्मा और प्रो.जे.के.पुंडीर ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में सतत विकास की प्रक्रिया को गतिमान किये जाने के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण तथ्य प्रस्तुत किये।संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पद्मश्री कल्याण सिंह मैती ने हिमालयी क्षेत्र में महिलाओं की दयनीय स्थिति और जलस्रोतों की लगातार कमी के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया और सतत विकास के लिए श्रोताओं को आहवान किया।समारोह का संचालन प्रो.जी.सी पंत, डॉ. डी. एन जोशी एवं डॉ.कुसुम गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए संयोजिका डॉ. निवेदिता अवस्थी ने संगोष्ठी की संकल्पना प्रस्तुत कर सभी आगुन्तुकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# श्रद्धा के साथ मनाया गुरू गद्दी दिवस

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा गोल मार्केट में गुरू हरिराय जी का गुरू गद्दी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कथा वाचक दर्शन सिंह जी ने गुरू जी के जवीन पर प्रकाश डाला एवं रागी जत्था भाई गुरूजीत सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल कर दिया। बाद में लंगर का प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान राम सिंह बेदी, जोगेन्द्र सिंह मोंगा, नरेश कुमार सेठ, नरेन्द्र सिंह घई, वेद प्रकाश कामरा, अनिल भल्ला, जितेन्द्र चौधरी, नरेश कुमार भुड्डी, राजेन्द्र मल्होत्रा, ओंकार सिंह, कशमीर सिंह, गुरूजीत सिंह, मान सिंह ग्रोवर आदि थे।

# वाहेगुरु भुल्ले मार्ग जिन्हें बताया ऐसा गुर वडभागी पाया

## सन्त बाबा बलविंदर सिंह जी नानकसर कुराली यूएस वालो ने संगत को किया निहाल





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी स्थित कुटिया संत बाबा गोपाल सिंह जी गुरुद्वारे में 51 वां सलाना गुरमत एवं संत समागम में रागी एवं कीर्तनी जत्थों व कथा वाचक ने गुरु की महिमा का गुणगान कर संगत को निहाल कर दिया। संतों ने प्रवचन करते हुए नेकी की राह पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान विशाल लंगर का आयोजन भी किया गया। इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार अशोक मुंजाल की देखरेख में आयोजित संत समागम में भव्य धार्मिक दीवान सजाया गया। इस दौरान 16 मार्च से शुरू हुए अखंड पाठ का विधिवत 18 मार्च को भोग पड़ा। समागम में नानकसर (कुराली)यू.एस.वाले सन्त बाबा बलविंदर सिंह जी,नानकसर बाजपुर वाले बाबा प्रताप सिंह जी , रागी जत्था रुद्रपुर वाले भाई कुलदीप सिंह जी ,कीर्तनी जत्था पटियाला वाले भाई पवनदीप सिंह जी, कथावाचक रुद्रपुर वाले भाई गुरभेज सिंह जी आदि संत महापुरुष सत्संग के माध्यम से संगत को आशीर्वचन देते हुए व महिमा का बखान कर संगत को निहाल कर दिया । इसके अलावा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, अनुज संजय ठुकराल, समाजसेवी जसविंदर सिंह लक्की खरबंदा व समाजसेवी भारत भूषण चुघ का मुंजाल परिवार ने सरोपा भेंट कर जोरदार स्वागत किया । कुराली यू एस वाले संत बाबा बलविंदर सिंह जी ने करन बन्दगी करन बन्दगी विरले बन्दे विरले बन्दे,सा धरती पयी हरियावली,भुल्ले मार्ग जिन्हें बताया ऐसा गुर वडभागी पाया आदि शब्दों के साथ गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल कर दिया।इस दौरान बाजपुर वाले बाबा बाबा परताप सिंह जी ,बाबा गुरभेज सिंह,बाबा पवनदीप सिंह आदि संतों ने प्रवचन करते हुए नेकी और सच्चाई की राह पर चलने का आहवान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाकर सुख समृद्धि की कामना की इस दौरान लंगर में हजारो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे कई गणमान्य लोगों को सरोपा भेट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अशोक मुंजाल,हरीश मुंजाल, सुरेश मुंजाल, परमानंद मुंजाल ,हरिचन्द मुंजाल ,महंगा मुंजाल ,आशीष मुंजाल ,सुषमा मुंजाल,रेनू मुंजाल ,अंजली मुंजाल ,रीमा मुंजाल ,पवन मुंजाल,राम चंद आहूजा,गौतम आहूजा, शिव कुमार गुम्बर ,सोनू गुम्बर,हरबंस गुम्बर ,नरेश गुलाटी ,वंश गुलाटी,प्रवीण अरोरा ,रुशील अरोरा,जोगा सिंह,अमन सिंह, पंजाब सिंह, सुरेंदर फुटेला ,राजेन्द्र फुटेला,मनोज मुंजाल , मोनू मुंजाल, किशन सहगल ,बंटी सहगल, सुमित सहगल,जुगनू मुंजाल , दीपक मुंजाल , राम चंद भुड्डी ,गौरव भुड्डी,राज कुमार सीकरी,तनिष्क सीकरी,आशा मुंजाल, शिवम मुंजाल, राजू मुंजाल, सूरज मुंजाल, मीनू मुंजाल, दीक्षा मुंजाल, अमरीक सिंह, दिनेश अरोरा, राजू अनेजा, अशोक खुराना, पवन कटारिया, अशोक चावला,जतिन नागपाल ,रोशन लाल तागरा,शिवम तागरा व विक्की मुंजाल आदि ने लंगर का प्रसाद ग्रहण कर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया ।





## सहकारिता विभाग के अधिकारियों की बुद्धि शुद्धि के लिए महायज्ञ आयोजित

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तरी काशीपुर समिति के कर्मचारियो को विगत पांच माह से वेतन न मिलने व



बार-बार झूठे आश्वासन दिये जाने के विरोध में कर्मचारियों ने सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन के बैनर तले महायज्ञ का आयोजन किया। साथ ही मांगे पूरी ना होने तक हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। उतरी काशीपुर समिति में नैनीताल व ऊधम सिंह नगर के सहकारी समितियों के कर्मचारी एकत्र हुए एवं विभागीय अधिकारियो की बुद्धि शुद्धि के लिए महायज्ञ किया गया। यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी ने कहा कि आज जो भी समितियां घाटे में हैं उसके लिए पूर्ण रूप से विभाग के अधिकारी ही जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि समिति कर्मचारियो के पास समिति व किसानों से संबंधित कार्य करने के सिवा दूसरा कोई अधिकार नहीं है। समिति में नियुक्ति करने व समिति का कोई भी सामान खरीदने व कर्मचारियों को वेतन देने का अधिकार समिति सचिव व उच्चाधिकारियों के पास होता है तो समिति के घाटे में जाने के लिए कर्मचारी कैसे जिम्मेदार हो सकते है। उनका कहना था कि वेतन रोकना है तो समिति सचिव व स्टाफिंग पैटर्न से अधिक नियुक्ति करने वाले अधिकारी का रोका जाना चाहिए। यूनियन के अध्यक्ष व उपस्थित समस्त कर्मचारियो ने एक सुर में मांगे पूरी ना होने तक अनिश्चित कालीन हड़ताल की चेतावनी दी। साथ ही जिला सहकारी बैंक काशीपुर के शाखा प्रबन्धक व एकाउंटेंट के कार्यकाल की जांच की भी मांग की। इस मौके पर यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, सचिव शुभम कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमन चौधरी, उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मीडिया प्रभारी पंकज अरोरा, कोषाध्यक्ष दलजीत सिंह, संयुक्त सचिव अरुण चौधरी, नन्दकिशोर, हरीश चंद्र, बसन्त पाण्डे, बृजेश यादव, रविशंकर सैनी, मान सिंह, गोवर्धन पंत, मन्नू सिंह, समरपाल सिंह, रश्मि चौधरी, सचिन, अतुल, अंकित, अरविन्द गुप्ता, अभिषेक राणा, चन्द्रपाल सिंह, राजकुमार सिंह, संदीप राणा, मनीष विष्ट, मनोज, सचिन, सुरेश अरोरा, नितिन गावड़ी, लक्ष्मण सिंह, राजवीर सिंह, ऋषभ शर्मा, सुरेश ममगाई, मन्दीप राणा एवं किसान यूनियन युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू व राजू छीना आदि मौजूद थे।

## जनपद इकाईयों के व्यापारी मुख्यमंत्री को भेजेंगे ज्ञापन

### प्रभावित दुकानदारों के लिये पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में एनएच विभाग द्वारा रूद्रपुर के सैकड़ों व्यापारियों को उजाड़ देने के बाद अब जनपद उधमसिंह नगर की व्यापार मंडल की समस्त इकाईयों द्वारा कल 20 मार्च दिन सोमवार को अपने अपने क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों या तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित करेंगे जिसमे प्रभावित दुकानदारों के पुनर्वास की मांग की जाएगी। यह निर्णय व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी की अध्यक्षता में व्यापारियों की आयोजित एक बैठक में लिया गया। श्री भुड्डी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की इस कार्रवाई से प्रदेश भर के व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। इसके खिलाफ व्यापार मंडल अपना संघर्ष जारी रखेगा। नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि हल्द्वानी की बनभूलपुरा बस्ती को उजाड़ने से पहले सुप्रीम कोर्ट ने प्रभावितों के पुर्नवास करने का आदेश दिया है। यही आदेश जनपद के अधि



कारियों पर भी लागू होना चाहिए था। व्यापारियों को उजाड़ने से पहले उनके पुर्नवास की व्यवस्था की जाती तो बेहतर होता। श्री भुड्डी ने कहा कि रुद्रपुर व्यापार मंडल द्वारा जो भी आंदोलन चलाया जा रहा है उसे जनपद सहित प्रदेश के व्यापारियों का पूर्ण समर्थन है। रुद्रपुर विधायक से भी इस मामले पर वार्ता की जायेगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अरोरा, प्रदेश सयुक्त महामंत्री गुलशन छाबड़ा, जिला उपाध्यक्ष सतपाल गाबा, जिला उपाध्यक्ष सुरमुख सिंह वर्क, जिला मंत्री राजकुमार सीकरी, नगर महामंत्री हरीश अरोरा आदि व्यापारी उपस्थित थे।

## पंतनगर से जयपुर और लखनऊ के लिए हवाई यात्रा 26 मार्च से

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि आगामी 26 मार्च से पंतनगर से जयपुर और लखनऊ के लिए हवाई यात्रा शुरू हो रही है। इस हवाई यात्रा से पर्यटन की गतिविधियों को और गति मिलेगी।केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट से इंडिगो द्वारा आगामी 26 मार्च से हवाई सेवा शुरू की जा रही है। इंडिगो की फ्लाइट लखनऊ और जयपुर इन दो बड़े महानगरों के लिए शुरू हो रही है। 26 मार्च को पंतनगर से अपराहन 12:15 पर जयपुर के लिए फ्लाइट रवाना होगी जो कि 1:40 पर पहुंचेगी। इसी प्रकार 26 मार्च को ही अपराहन 4 पंतनगर एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए फ्लाइट रवाना होगी जो साय 5 बजे लखनऊ पहुंचेगी। श्री भट्ट ने बताया कि जयपुर और लखनऊ जैसे महानगरों से पहाड़ की वादियों में पर्यटन का लुफ्त उठाने वाले पर्यटकों को हवाई मार्ग से आसानी होगी। इसके अलावा पंतनगर से इन दोनों महानगरों में जाने वाले लोगों को भी हवाई यात्रा से सहूलियत होगी।

### तुम जियो हजारों साल



चित्राशु गंगवार के जन्म दिन पर समस्त परिवारजनों एवं दर्पण परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

## महिला का शव मिलने से सनसनी

किच्छा। लालपुर से नगला जाने वाले मार्ग पर इंद्रपुर के श्मशान घाट के निकट सड़क किनारे शुक्रवार सुबह महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिली। फारेंसिक टीम के प्रभारी सत्य प्रकाश, यशपाल आर्य और भूपेंद्र मर्तोलिया ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।कोतवाल धीरेंद्र कुमार और एसएसआई सुनील सुतेड़ी ने बताया कि महिला की उम्र 30 से 35 वर्ष होगी। महिला ने फिरोजी रंग का सूट पहना था। घटना स्थल पर लाल रंग की चप्पल भी मिली है। कोतवाल ने बताया कि प्रथम ख्रष्ट्या महिला के गले को चुन्नी से घोंटा गया लग रहा है हालांकि शव पर संघर्ष के निशान नही मिले हैं। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। महिला का शव जिस स्थान पर मिला है वहां आसपास सीसीटीवी नहीं हैं। आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या यहीं पर की गई है।





# श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मां वैष्णो देवी मंदिर श्री वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम(पूज्यनीय श्री स्वर्ग फार्म वाली देवी जी के स्थान) आदर्श कालोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत् कथा के चौथे दिवस पर कथा व्यास श्री नारायण चौतन्य जीमहाराज ने गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार तथा श्रीकृष्ण के जन्म की कथा को भजनों की धुनों के साथ पिरो कर सुनाया तथा भक्तो व श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी भक्तो ने श्री कृष्ण जन्म की बधाई दी। उसके उपरान्त कथा के पाँचवे दिन पूतना वध, कालिया दमन, ताड्ध्कासुर वध तथा भगवान् श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं जैसे गोवर्धन पर्वत धारण, माखन चोरी की कथा का वर्णन किया।



कथा में नेमिशरण से आये भजन गायक गोपाल जी व संगीतवादकों ने भगवान श्री कृष्ण के भजनों से समा बांध दिया। जिससे सभी भक्तों ने नाच कर कथा का आनन्द लिया। कथा व्यास जी ने सभी धर्म प्रेमी जनता से कथा में अधिक से अधिक संख्या में समय से पहुँच कर धर्म लाभ कमाने के लिये कहा। कथा में अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा रुद्रपुर के अध्यक्ष रवीन्द्र शर्मा, महामंत्री संजीव शर्मा, जीतू अरोरा, विजय फुटेला, समास सेवी नरेश घई, रामलाल अदलखा, मदन कक्कड़, सोमिल धीक, जीवन घई, नीरज अग्रवाल, राजेश आनंद, श्याम खुराना, प्रेम कक्के, अशोक कामरा, लक्ष्य शर्मा, राजीव ग्रोवर तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वही महिलाओ में कंचन कौर, गगन गुम्बर, एकता ग्रोवर, कल्पना आर्य, सीमा दुनेजा, शशी अरोरा, प्रीति व अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।



# कला और शिल्प कार्यशाला में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएड विभाग में कला और शिल्प पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक हैंड्स ऑन ट्रेनिंग ऑन आर्ट एंड क्राफ्ट फॉर डेवलपिंग इंटर प्रेनीचुअल स्किल था। कार्यशाला का आयोजन यूसीओएसटी, विज्ञान भारती कार्यकम करवाये गये। तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन महाविद्यलाय के प्राचार्य प्रो. केके पाण्डेय द्वारा किया गया। प्राचार्य प्रो. पाण्डे द्वारा इस कार्यशाला के महत्व एवं कौशल विकास के सन्दर्भ में प्रकाश डाला गया।3दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय की 65 छात्राओं ने ट्रेनिंग ली। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कमल एवं प्रौद्योगिकी परिषद देहरादून को भी सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य था कला एवं शिल्प के माध्यम से रोजगार के अवसर कैसे उपलब्ध हो सकते हैं इस बार यह कार्यशाला अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल रही। इस कार्यक्रम हेतु प्राचार्य ने सहयोग हेतु डॉक्टर भारत पांडे, रवि त्रिपाठी व चंद्रपाल का धन्यवाद किया।



एवं पेडिलाइट कम्पनी के तत्तबाधन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य डा. सर्वजीत सिंह ने कौशल विकास समय की आवश्यकता बताते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन वंदना अग्रवाल द्वारा छात्र/छात्राओं को विभिन्न किशोर पांडे ने फेवीक्रिल ,पिडीलाइट कंपनी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम हेतु उन्होंने अपने मास्टर ट्रेनर को महाविद्यालय में ट्रेनिंग हेतु भेजा। विज्ञान लोकप्रियता सेल के अंतर्गत चलाए जा रहे रोजगार मूलक गतिविधि यों के संचालन हेतु उत्तराखंड विज्ञान आयोजक सचिव बीएड विभागाध्यक्ष डा. मुन्नी जोशी द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षकों छात्र / छात्राओं व प्रशिक्षक वन्दना अग्रवाला व प्राचार्य का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यशाला में छात्र / छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार कि कला कृतियों का सृजन किया गया।

# नशे से दूर रहने और साइबर क्राइम से बचने के लिए किया जागरूक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शुक्रवार को एन. एस. एस. सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन दिवस में सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस, रुद्रपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों के द्वारा हरिमन्दिर दिनेशपुर में स्वच्छता अभियान व स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया, जिसके अंतर्गत सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी के छात्र-छात्राओं के द्वारा बी एम आई ,वीएफए , फैट परसेंटेज, बॉडी ऐज, आर एम, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप चेक, शुगर टेस्ट किये गए। इस अवसर पर पुलिस थाना, दिनेशपुर के थाना अध्यक्ष अनिल उपाध्याय के द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने जैसे हेलमेट का आवश्यक रूप से प्रयोग करने, दुपहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाने और नशे में गाड़ी ना चलाने, नशे की आदतों से दूर रहने तथा साइबर क्राइम से बचने के सुझाव दिए गए। इसके अलावा महिला हेल्पलाइन तथा गौरा शक्ति एप्लीकेशन के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की जानकारी दी गई। दिनेशपुर की चेयरपर्सन श्रीमती सीमा सरकार के द्वारा हेल्थ चेकअप में शिरकत की गई, तथा सिक्स सी.ए. शिव अरोरा, निर्देशिका डा.सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर, वाइस चेयरमैन प्रीतग्रोवर, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी ललित भट्ट, एन.एस.




सिग्मा के छात्रों के द्वारा लगाए गए हेल्थ चेकअप कैंप की प्रशंसा किया गया। इस दौरान सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह और सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रध ानाचार्य माननीय ललित सिंह बिष्ट , संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, प्रबंधक निदेशक एस.वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी चंदन सिंह राणा और एन.एस.एस. के महिला कोऑर्डिनेटर शिल्पा विश्वकर्मा, नेहा मण्डल, मुनीष कुमार, कार्तिक हालदार, हर्षित सक्सेना, नित्यानन्द विश्वास, अमित प्रकाश, शाहिल छाबड़ा, मो. अकरम एवं दीपिका नेगी कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

# राज्य जु-जित्सू प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर बना चैम्पियन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर। खेल निदेशालय, उत्तराखंड व जिला खेल विभाग, नैनीताल एवं जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के समन्वय द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में अयोजित हुई दो दिवसीय उत्तराखंड राज्य जु-जित्सू (बालक/बालिका) प्रतियोगिता में ऊध म सिंह नगर के जु-जित्सू खिलाड़ियों शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जानकारी देते हुए जिला जुख्रजित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर (रजि) के महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि खेल निदेशालय, उत्तराखंड व जिला खेल विभाग, नैनीताल एवं जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के समन्वय द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में जु-जित्सू





एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव रेंशी विनय कुमार जोशी की देखरेख में दो दिवसीय उत्तराखंड राज्य जु-जित्सू (बालक /बालिका) प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें उत्तराखंड राज्य के 6 जनपदों नैनीताल, उधम सिंह नगर, चंपावत, पौड़ी, हरिद्वार, देहरादून के खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम दिखाया। जिसमें उधम सिंह नगर के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक पदक प्राप्त कर ओवरऑल प्रतियोगिता में विजेता एवं नैनीताल उपविजेता बना। प्रतियोगिता के दौरान सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि सहायक खेल निदेशक उत्तराखंड एवं अंतर्राष्ट्रीय धावक सुरेश चंद्र पांडे, डीएसओ नैनीताल रसिका सिद्दीकी, डिप्टी डीएसओ जानकी कार्की, बबिता बिष्ट, जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विनय कुमार जोशी, जिला जुजित्सू संघ नैनीताल के अध्यक्ष देवेंद्र रावत, महासचिव विनोद लखेरा द्वारा सयुक्त रूप से पुरुष्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला जुजित्सू संघ उधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने बधाई देते हुए कहा कि जनपद ऊधम सिंह नगर के जुजित्सू खिलाड़ी निरंतर राज्य, राष्ट्रीय,एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिले का नाम गौरवान्वित कर रहे है। ओर आगे महासचिव भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी चयनित खिलाड़ी दिनांक 27 से 31 मार्च 2023 तक देवास, मध्य प्रदेश के तुकोजी राव पवार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जु-जित्सू प्रतियोगिता में उत्तराखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभाग करेंगे। इस उपलब्धि पर डॉ. नागेंद्र शर्मा, जॉनी हिराम तिग्गा, विजेंद्र चौधरी, डी.के सिंह, किशोर सिंह, कौशल किशोर सिंह, शंकर बसेरा, शोभा तिग्गा, मुकेश यादव, कमल सिंह, जय प्रकाश, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, सतनाम चावला, ऐजे बटसर, साधना बटसर, रघु रावत, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र कुमार, मनदीप कौर, यतेंद्र कुमार, वसीम खान, अजय शर्मा, शालिनी शर्मा, आशा राणा, कृष्ण साना, कृष्णा कुमार, शेखर सक्सेना, अमन सिंह सहित अनेकों अभिभावक गण एवं अन्य खेल पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अग्निकांड से बचाव

बहुमंजिला और व्यावसायिक भवनों में सबसे जरूरी पहलू होता है, आग की स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का बंदोबस्त। फिर उनमें बिजली के उपकरणों की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाना जरूरी होता है। गर्मी का मौसम आते ही आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। हालांकि अब हर मौसम में ऐसी घटनाएं देखी जाती हैं। खासकर बहुमंजिला इमारतों में आग लगने से लोगों को बचाना कठिन हो जाता है। आजकल जिस तरह भवन निर्माण में वातानुकूलन का चलन बढ़ने की वजह से कई ऐसी सामग्री का उपयोग बढ़ा है, जो अतिज्वलनशील मानी जाती हैं, उसमें आग लगने की घटनाएं अधिक खतरनाक साबित हो रही हैं। हैदराबाद के सिकंदराबाद की एक आठ मंजिला इमारत में लगी आग के देखते-देखते सभी मंजिलों तक फैल जाने और उसमें छह लोगों के जान गंवा बैठने की घटना इसकी ताजा मिसाल है।हालांकि दमकल की गाड़ियां और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गया था, मगर समय रहते उसमें से सबको निकालना संभव नहीं हो पाया। ज्यादातर मामलों में देखा जाता है कि बिजली उपकरणों में गड़बड़ी आने या तारों के आपस में जुड़ कर जल उठने की वजह से आग की घटनाएं अधिक होती हैं। पिछले कुछ सालों में ऐसी बहुमंजिला इमारतों में लगी आग और बड़ी संख्या में मारे गए लोगों को देखते हुए बार-बार कड़ाई से नियम-कायदों के पालन के संकल्प दोहराए गए, मगर हर बार वे संकल्प खोखले साबित हुए। अगर सचमुच अग्निशमन विभाग सतर्क और ऐसी घटनाएं रोकने को लेकर संजीदा होता, तो कोई कारण समझ में नहीं आता कि ऐसी घटनाएं फिर हो पातीं। यह छिपा तथ्य नहीं है कि ज्यादातर भवनों में अग्निशमन, निकास, बिजली उपकरणों आदि की स्थिति और गुणवत्ता आदि पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता। विचित्र है कि भवन निर्माता खुद कुछ पैसे बचाने के इरादे से इन नियमों को ताक पर रखते और फिर संबंधित महकमों के कर्मचारियों-अधिकारियों से साठ-गांठ कर उन भवनों में कारोबार चलाते रहते हैं। दिल्ली के करोलबाग इलाके के एक होटल में लगी आग की घटना ने पूरे प्रशासन की कलई खोल कर रख दी थी, जिसमें कई विदेशी सैलानियों ने दम घुटने से जान गंवा दी थी।आग लगने की ज्यादातर घटनाओं में जांच से एक तथ्य जरूर हाथ लगता है कि अग्निशमन विभाग ने उस भवन की नियमित जांच नहीं की होती है। उनमें न तो आग बुझाने के उपकरण सही तरीके से काम करते पाए जाते हैं और न ऐसी स्थिति में सहज ढंग से निकास की कोई माकूल व्यवस्था होती है। ज्यादातर बहुमंजिला इमारतों में चूंकि लिफ्ट का प्रयोग होता है, इसलिए उनमें प्रायः सीढ़ियों की चौड़ाई कम रखी जाती है। इन जरूरी पहलुओं पर भी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जाता, तो इसे विडंबना के सिवा क्या कहा जा सकता है।बहुमंजिला और व्यावसायिक भवनों में सबसे जरूरी पहलू होता है, आग की स्थिति में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का बंदोबस्त। फिर उनमें बिजली के उपकरणों की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाना जरूरी होता है। मगर पैसे की बचत करने की नीयत से या फिर कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से प्रायः खराब गुणवत्ता की तारें, उपकरण आदि लगा दिए जाते हैं। उनकी मरम्मत में प्रायः लापरवाही बरती जाती है, जिसका नतीजा होता है उनमें आग लगना। सिकंदराबाद की जिस इमारत में आग लगी, उसमें भी यही कारण होंगे। मगर अफसोस कि इन उजागर तथ्यों के बावजूद न तो भवनों में सुरक्षा संबंधी मानकों की जांच करने वाले कर्मचारी-अधिकारी इस मामले में गंभीरता दिखाते हैं और न खुद भवनों के मालिक संजीदा देखे जाते हैं। आखिर लोगों की जान की कीमत पर ऐसी लापरवाहियां कब तक बर्दाश्त की जाती रहेंगी।

# भाजपा सरकार में हिंदुत्व हुआ मजबूत: शर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।हिंदू नववर्ष के आगमन के अवसर पर राष्ट्रीय योगी सेना द्वारा अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि भारत के अंदर जय श्री राम बोलना भी संभव नहीं था। भारत माता की जय का नारा लगाना भी संभव नहीं था। 70 सालों तक इस देश पर ऐसे दल ने राज किया कि भगवान श्री राम के जन्म स्थल अयोध्या में भी हिंदू अपने इष्ट देव का मंदिर नहीं बना पा रहे थे। कश्मीर के अंदर भारत माता की जय का नारा लगाना भी अपराध था ओर भारत का तिरंगा भी नहीं लहराया जा सकता था। लेकिन जब से हिंदुओं ने एकजुट होकर हिंदुओ के दल को चुना तो आज अयोध्या में दिव्य भव्य श्री राम मंदिर भी बन रहा है कश्मीर के अंदर तिरंगा भी लहरा रहा है और भारत माता की जय भी हो रही है। श्री शर्मा ने कहा कि आज हिंदू अलग-अलग वर्गो में बट गया है।सभी क्षत्रिय ब्राह्मण वैश्य शूद्र इत्यादि वर्गो को एक होकर हिंदू बनकर इस राष्ट्र को आगे बढ़ाना चाहिए। उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कॉमन सिविल कोड और धर्मांतरण कानून को लाकर हिंदुओं के हितों का काम किया है। आज उत्तर प्रदेश के अंदर सीएम योगी ने जिस प्रकार से लव जिहाद को खत्म किया है अपराधियों और माफियाओं को जेल में डालने का काम किया है तो हिंदुओं के वोट के कारण ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि सभी हिंदू हिंदुओं को सोचना होगा कि इस






देश में 70 साल जिन लोगों ने राज किया तब हमारा क्या हाल था और अब जो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है इसके अंदर हिंदुओं की किस प्रकार से धर्म को आगे बढ़ाया जा रहा है। मंदिरों का निर्माण हो रहा है केदार नाथ का भव्य निर्माण हुआ काशी का भव्य निर्माण चल रहा है यह तभी संभव हो पाया और जब सभी हिंदुओं की बात करने वाले दल को चुनाव ने समर्थन किया।उन्होंने सभी योगी सेना के कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि अपने घर में रामायण गीता का पाठ करें और अपने आने वाली पीढ़ी को भी इसके बारे में जानकारी दें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष आयात सिंह बिष्ट, जिला अध्यक्ष चंद्रपाल कोली, श्रीकांत राठौर, प्रकाश भारद्वाज, हरिओम सिंह, राम प्रकाश गुप्ता, प्रीत ग्रोवर, अजीत राठी, गोविंद शर्मा, मयंक कक्कड़, निपुण गगनेजा, चंद्रा सरोज चौहान, दीपक राठौर, सुभाष यादव, धर्मेंद्र गंगवार, चंद्र पाल गंगवार, संजय चौधरी आदि लोग उपस्थित थे।

# एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर में स्थित श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा पोषित ग्राम गढ़ीपट्टी में आयोजित एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हो गया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष कमल जिंदल,विशिष्ट अतिथि स. चरनजीत सिंह, डॉ. मनिंदर सिंह गुलाटी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीता मेहता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सीता मेहता, तथा मंच का संचालन तेज प्रकाश जोशी व शोभा बोरा ने किया। मुख्य अतिथि कमल जिंदल ने अपने जीवन के अनुभवों को शेयर करते हुए विद्यार्थियों तथा एन एस एस वॉलिंटियर्स को प्रेरणादायी उद्‌बोधन दिया। विशिष्ट अतिथि स. चरनजीत सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन और विनम्रता आवश्यक है, विद्यार्थी जीवन को एक उद्देश्य से जीना ही सच्ची सफलता है। प्राचार्य डॉ. सीता मेहता ने विद्यार्थियों को स्व. अनुशासन के



साथ अपने निर्धारित सपने को प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने बताया विद्यार्थी को अपने परिवेश एवं संगति से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। अच्छी संगति से विद्यार्थी का जीवन सफल होता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु बाला ने विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही तथा देश हित में अपना सर्वोच्च त्याग करने की बात कही तथा गीता के संदेश को जीवन में ढालकर कर्म योगी बनकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही एवं शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा सात दिवस में शिविर की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी एवं स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को शिविर को सफल बनाने के लिए शुभकामनाएँ दी। एनएसएस वालंटियर जसपाल, कमलजीत, अरविंद कुमार, महिमा कन्नोजिया, शिवांगी जोशी, शीला भट्ट, सविता, हर्षित पोखरिया, बंकिम रॉय, कुलदीप, रिम्पी कौर आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य डॉ. राजेश कुमार सिंह, गोपाल सिंह, पंकज सिंह बोहरा, मनोज कुमार, प्रिया कुमारी, कामनी राणा, रोशन कुमार, हरविंदर सिंह, अफ्शा खान, प्रिया थापा, आरती राणा, नीमा गोस्वामी, पूनम राणा, दुर्गानाथ गोस्वामी, देव राम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

# जी 20 बैठक में सुरक्षा तैयारियों को लेकर आई जी ने किया मंथन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं डॉ. नीलेश आनंद भरणे की अध्यक्षता में आगामी जी-20 सम्मेलन के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल के साथ परिक्षेत्रीय कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में एक गोष्ठी आहूत की गयी। जिसमें अब तक की तैयारियों की समीक्षा की गई।बैठक में सम्मेलन हेतु लगाए जाने वाले पुलिस बल की समीक्षा करसम्बन्धित जनपदों के सोशल मीडिया सैल को सक्रिय करने हेतु निर्देश दिए गए। आई जी ने क्षेत्राधिकारियों के निर्देशन में सघन अभियान चलाकर बाहरी व्यक्तियों, किरायेदार, फड़- फेरी, रेड़ी इत्यादि



का शत प्रतिशत सत्यापन कराये जाने हेतु निर्देश दिए साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय/अन्तर्राज्यीय सीमा के बैरियरों पर सघन चौकिंग अभियान चलाये जाने की कहा। उन्होंने गुण्डा, गैंगस्टर, जेल से रिहा, पैरोल, हिस्ट्रीशीटरों का शत प्रतिशत कराये जाने हेतु निर्देश दिए।उन्होंने कहा जी-20 सम्मेलन हेतु जनजागरूकता कराये जाये। स्कूल कॉलेजों में पेंटिंग, निबन्ध, वाद-विवाद व मैराथन आदि प्रतियोगिताएं कराकर अधिक से अधिक प्रचार- प्रसार कराये जाएं।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के युवाओं द्वारा जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया।नगर के शिव मंदिर परिसर में भाजपा ओबीसी मोर्चा कार्यालय प्रभारी रवि पाल के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के पुतले को लेकर गुलरभोज मोड़ तक जुलूस निकालकर पुतला दहन किया। राहुल गांधी मुर्दाबाद के जोरदार नारे लगाते हुए ओबीसी मोर्चा के प्रभारी रवि पाल ने कहा कांग्रेसी नेता राहुल गांधी द्वारा विदेश की भूमि पर जिस प्रकार हमारे देश का एवं देश का प्रतिनिधित्व कर रहे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान किया है उसको सहन नहीं किया जाएगा और राहुल गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए और अपने बयान को वापस लेना चाहिए।देश का अपमान युवा किसी हालात में बर्दाश्त नही करेगा।।इस दौरान सैनी, रमेश सैनी, वीर सिंह, दीपक गुज्जर, हनी सिंह, संजीव कश्यप, उमेश चंद्रा, टिम्मी कश्यप, सागर कश्यप, मनोज बिष्ट, हरविंदर सिंह, भारत सिंह,



गौरव सैनी, राहुल कश्यप, सचिन पाल, शुभम सैनी, रूपेंद्र सिंह, महेश सैनी, राजेश सक्सेना, संजू सैनी, विकास पाल, दीपक कन्नौजिया, रिंकू पाल, रोहित जीतू सिंह, भपेंद्र सैनी, राकेश सैनी, उमेश चंद्रा, टिम्मी कश्यप, सागर कश्यप, मनोज बिष्ट, हरविंदर सिंह सहित भारी संख्या में युवा उपस्थित रहे।।

# जी-20 की बैठक पर्यटन के खोलेगी द्वार: बिष्ट

रामनगर (उद संवाददाता)।28 से 30 मार्च तक होने वाली जी-20 की बैठक को लेकर तैयारियां पूरी जोर-शोर के साथ चल रही है जिसको लेकर रविवार को रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने पत्रकार वार्ता करते हुए रामनगर में जी-20 की बैठक के आयोजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि रामनगर में होने वाली इस बैठक से जहां एक और पर्यटन एवं पर्यावरण के साथ ही उत्तराखंड की संस्कृति से बैठक में भाग लेने वाले देशी व विदेशी मेहमान रूबरू होंगे तो वही



इस बैठक में भाग लेने वाले डेलिगेट् यहां की संस्कृति का प्रचार प्रसार अपने-अपने देशों में करेंगे जिससे उत्तराखंड का नाम अब विदेशों में भी जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक में कई मुद्दों को लेकर चर्चा की जाएगी साथ ही इसमें भाग लेने वाले मेहमानों को उत्तराखंड के विभिन्न पहलुओं से भी जहां एक ओर अवगत कराया जाएगा तो वहीं विदेशी मेहमान भी अपनी बातचीत रखेंगे विधायक ने कहा कि इस बैठक को लेकर उत्तराखंड में विकास के नए आयाम भी स्थापित होंगे।

# डीएम रीना जोशी ने लटेश्वर मंदिर में की पूजा अर्चना

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। विकासखंड मूनाकोट के अंतर्गत ग्राम बढ़ाबे में स्थित बुरांश लोकवन झील के समीप चिल्ड्रन पार्क के निर्माण एवं बढ़ावे में स्थित लटेश्वर मंदिर के समीप झील निर्माण की ग्रामीणों की मांग को देखते हुए जिलाधिकारी रीना जोशी ने संबंधित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान



जिलाधिकारी ने लटेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवान शिव के गण लटेश्वर से जनपद की खुशहाली की मंगल कामना भी की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी, पीडी डीआरडीए आशीष पुनेठा, तहसीलदार पंकज चंदोला, सहायक अभियंता पेयजल निगम पीयूष डिमरी आदि उपस्थित थे।

# झूठे आश्वासन देकर व्यापारियों को गुमराह किया भाजपा नेताओं ने : सुमित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के सैकड़ों व्यापारियों को प्रशासन द्वारा उजाड़ दिए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते कांग्रेस महानगर सचिव डा. सुमित रॉय ने कहा कि इसके लिए भाजपा के जनप्रतिनिधि भी दोषी हैं जिन्होंने आंदोलित व्यापारियों को झूठे आश्वासन देकर उन्हें अंधेरे में रख गुमराह किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक को जब व्यापारियों ने अपनी दुकानों की चाबियां सौंपी थी तो विधायक ने भरोसा दिया था कि उनकी दुकानों को नहीं टूटने दिया जायेगा। परंतु उन्होंने व्यापारी हित में कोई भी ठोस पहल नहीं की। यहां तक कि विधानसभा बजट सत्र में सदन पटल पर व्यापारियों का मुद्दा भी नहीं उठाया। वहीं भाजपा



मेयर निरंतर व्यापारियों को पार्षदों सहित समर्थन की बात कहकर उन्हें हर कदम पर सहयोग का भरोसा देते रहे। लेकिन जब व्यापारियों की दुकानें तोड़ी जा रही थीं उस समय भाजपा का कोई भी जनप्रतिनिधि व्यापारियों के साथ खड़ा नहीं हुआ। डा. सुमित ने कहा कि भाजपा नेताओं ने हमेशा झूठी बातों से आम जनता को ठगा है। इस बात को नगर के व्यापारी अब समझ चुके हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस नेताओं ने व्यापारियों के आंदोलन में साथ दिया। तभी पुलिस द्वारा पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को अतिक्रमण हटाने से पूर्व हिरासत में लेकर नजरबंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही व्यापारियों की सच्ची हितैषी है। जब तक व्यापारियों को पुर्नवास व मुआवजा नहीं मिलेगा कांग्रेस शासन प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी।

# पेज एक का शेष...

**उजाड़े गये व्यापारियों के लिये...**दी जायेंगी। जबकि अन्य दुकानें दूसरे व्यापारियों को आवंटित की जायेगी। इस प्रस्ताव पर भाजपा और कांग्रेस पार्षदों ने मेयर का आभार व्यक्त किया। बैठक में कांग्रेस पार्षदों ने पिछले दिनों हुए टेंडरों को लेकर हंगामा भी किया। बैठक में बजट के अनुमोदन के साथ ही गांधी पार्क को सौंदर्यीकरण के लिए पीपीपी मोड पर देने का भी निर्णय लिया गया। नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत साफ-सफाई व्यवस्था हेतु दो हाइड्रालिक ट्रॉली क्रय करने, एन0एच0 74 स्थित ट्रंचिंग ग्राउण्ड से कूड़े को एन०एच० पर आने से रोकने हेतु आवश्यकतानुसार पोकलेण्ड वाहन किराए पर लिए जाने की वित्तीय एवं प्रशासनिक, 2023-24 में 50 लाख की कीटनाशक दवाएं क्रय किए जाने, जी-20 की तैयारियों के लिए आवश्यक सामग्री क्रय किए जाने,साफ-सफाई के दृष्टिगत आवश्कतानुसार कूड़ा हाथ्र रिक्शा रिक्शा क्रय किए जाने, डॉग लाइसेन्स नियमावली तैयार करने, नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 2 एमआरएफ सेन्टर निगम द्वारा तथा 2 एम०आर०एफ० सेन्टर सीएसआर के माध्यम से बनाए जाने, नगर निगम रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन एवं यूजर चार्ज एकत्र करने का काम स्वयं सहायता समूह नारी शक्ति सेना को देने, मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुपालन में मोहल्ला स्वच्छता समिति को प्रतिदिन 500 की दर से मानदेय भुगतान करने, नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अतिक्रमण अभियानों/यूजरचार्ज/चालानी कार्यवाही हेतु दोनों सहायक नगर आयुक्तो हेतु 2 होमगार्ड जवान रखे जाने, नगर निगम रूद्रपुर में आगामी 2 वर्ष के लिये आउटसोर्स के माध्यम से मानवशक्ति की आपूर्ति हेतु आने वाले अनुमानित व्यय की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति, नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्टेशनरी की आपूर्ति हेतु ई-निविदा आमंत्रित किये जाने, नगर निगम सैप्टेज मैनेजमेंट रेगुलेशन-2019 के नियम संख्या 12.3 (इ) में निर्मित तालिका के क्रम संख्या 03 पर अंकित श्रेणी पक्के मकान के लिये शुल्क को रू0 1500.00 प्रति ट्रिप से घटाकर 0 1000 प्रति ट्रिप करने, दि० 29.01.2023 से दि0 28.02.2023 तक होर्डिंग / यूनिपोल विज्ञापन में 1 माह की समयावृद्धि करने, सभी व्यवसायिक भवनों/दुकानों के गृहकरदाताओं को गृहकर जमा करते समय अन्य दस्तावेजों के साथ व्यवसाय से सम्बन्धित लाईसेंस भी अनिवार्य करने, वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ के 3 माह में गृहकर जमा करने पर गृहकरदाताओं को 5 प्रतिशत आवासीय भवनों में एवं 2 प्रतिशत अनावासीय भवन पर छूट देने, नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु ट्रेड लाईसेंस निविदा आमंत्रित किये जाने एन3सीए को किराये पर दिये जाने हेतु किराये की धनराशि को कम करने तथा पगड़ी की धनराशि को आठ लाख से कम किये जाने, गॉधी पार्क को सौन्दर्यीकरण के लिए पीपीपी मोड पर दिये जाने, नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत ट्रांजिट कैम्प में डिवाईडरों पर प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट पोल लगाने के प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक में मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा सहित सभी पार्षद मौजूद रहे।

**कोर्ट के आदेश पर...** करने लगा। वर्ष 2016 की 21 नवंबर को उसके ससुर की मृत्यु हो गई। वर्ष 2021 की 14 जनवरी को महिला जब फुरकान के घर अपने एफडी और किस्तों की रकम मांगने के लिए गई तो फुरकान के भाई इदरीश ने उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया और गाली गलौज करते हुए मुंह खोलने की आवाज में जान से मारने की धमकी दे डाली। महिला का आरोप है कि घटना के तत्काल बाद उसने मामले की लिखित शिकायत आईटीआई थाना पुलिस को करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने मामले को अनसुना कर दिया। अंत में हारकर महिला ने कोर्ट की शरण ली। न्यायालय ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मामले में आरोपी भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। इसी पर हरकत में आई पुलिस ने आरोपी भाइयों के खिलाफ धारा 420 354 504 506 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**पुर्नवास के लिये...**काफी देर तक धारा प्रदर्शन करने का पश्चात व्यापारियों का एक शिष्ट मंडल मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा से मिला। उन्होंने आग्रह किया कि नगर में उपयुक्त स्थान पर प्रभावित व्यापारियों को पुर्नवास किया जाए। इस दौरान व्यापारियों ने नगर में ऐसे कई स्थान भी बताए। एम एन ए श्री मिश्रा ने आश्वस्त करते हुए कहा कि आज बोर्ड की बैठक में इस विषय पर चर्चा की जानी है। चर्चा के बाद प्रस्ताव पारित होने पर आगे की कार्रवाई का रास्ता साफ हो जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से संयम रखने का आग्रह किया। धरना प्रदर्शन करने वालों में संजय जुनेजा, आशू ग्रोवर, सुरेंद्र तनेजा, श्याम धींगरा, हर्ष रावल, हरीश अरोरा, शैलेंद्र ग्रोवर, राजा मदन अनिल कक्कड़, मनीष कालड़ा, दीपक मुंजाल, रामसिंह, विनोद ठुकराल, नरेंद्र चावला, सन्नी कालड़ा, आशा बत्रा, दीपिका बत्रा, सोहन लाल, बनारसी दास ठुकराल, सूरज अनेजा, अनिल बांगा, इंद्रजीत सिंह, अमरदीप सिंह, जसवीर सिंह, कुलदीप सिंह, संजीव मदान, लखवीर सिंह, प्रशांत, दीपक धींगरा, अब्दुल रहमान, बल्देव ग्रोवर, चिरोंजी लाल, प्यारे लाल मदान, केदार प्रसाद, राजीव जलहोत्रा, राधे श्याम गुप्ता सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद थे।

**कांग्रेसजनों ने मुख्य...** है। उनके बच्चे भी शिक्षा से भी वंचित हो रहे हैं। अतः आपसे निवेदन है कि मानवता के नाते पीड़ित व्यापारियों को जल्द से जल्द दुकान हेतु जगह उपलब्ध कराई जाए जहां व्यापारी अपना व्यापार प्रारंभ कर सकें और सभी व्यापारियों को उनके नुकसान की भरपाई के लिए उचित मुआवजा दिया जाए। ज्ञापन में पीड़ित व्यापारियों को ऐसी जगह चिन्हित कर दिए जाने की मांग की गई है जहां इनका व्यापार पहले की तरह सुचारू रूप से चले। इस पर मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने आश्वासन दिया कि मांगों पर जल्द निर्णय लेकर कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान नगर निगम में विपक्ष के नेता मोनू निषाद महामंत्री रंजीत राणा, पार्षद सुरेश गोरी, मोहन भारद्वाज, सुशील मंडल, अशफाक अहमद, सचिन मुंजाल, प्रीति साना, साजिद खान, सुनील आर्य, चेतन भट्ट, दिलशाद अहमद, उमर अली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**अतिक्रमण पर अब...**कार्रवाई को पूरा कर दिया था। डाकपत्थर से ढालीपुर तक शक्तिनहर के किनारे सैंकड़ों अवैध कब्जे हैं। जिन्हें खाली कराकर उन पर बिजली उत्पादन के लिए सोलर प्लांट लगने हैं। कुछ कब्जेधारियों ने खुद ही जमीन खाली कर दी है, लेकिन अनेक परिवार अभी भी जमे हुए हैं, जबकि निगम प्रशासन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि निगम जो भी निर्माण तुड़वाएगा, उसमें आने वाले खर्च को अवैध कब्जाधारी से ही वसूल किया जाएगा। उत्तराखंड जल विद्युत निगम के संबंधित अधिकारी का कहना है कि जमीन खाली कराने को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से होगी।

**अतिक्रमण तोड़ने आई....**कि जी-20 के नाम पर अधिकारियों द्वारा गरीबों को उजाड़ा जा रहा है जबकि प्रभावशाली एवं रसूखदारों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जनता का कहना है कि प्रशासन को अतिक्रमण के नाम पर पूरी तरह पारदर्शिता रखनी चाहिए।

**हाथियों का झुंड आने...**वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर वन दरोगा शशि वर्धन अधिकारी वन कर्मियों के साथ पहुंचे और हाथियों पर नजर रखे रहे। बाद में हाथियों के जंगल में चले जाने के बाद यातायात व्यवस्था सुचारू हुई। वन दरोगा शशि वर्धन अधिकारी ने बताया कि टांडा जंगल में हाथियों के कई झुंड है।

# पांच मंदिर में धूमधाम से मनेगा नवरात्र एवं रामनवमी का पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (पांच मंदिर) में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नवरात्र एवं रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 21 मार्च को सायं 4 बजे मां ज्वाला जी की पावन ज्योति का इन्द्रा चौक पर भव्य स्वागत किया जायेगा तथा भव्य शोभा यात्रा के साथ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में ज्योति को धार्मिक अनुष्ठानों के बीच स्थापित किया जायेगा। मंदिर में 22 मार्च से प्रथम नवरात्र से रोजाना रात्रि 8.30 बजे से 12 बजे तक माता की चौकी आयोजित की जायेंगी। जो सप्तम नवरात्र 28 मार्च तक जारी रहेंगी। 29 मार्च अष्टम नवरात्र पर रात्रि 9 बजे से मंदिर में मां अम्बे का विशाल जागरण आयोजित होगा। जिसका भोग 30 मार्च को प्रातः 8 बजे पडेगा। इसके साथ ही मंदिर में श्री रामनवमी का पर्व भी धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसमें संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जायेगा। पंडित बाल योगेश्वर मनोज जी महाराज सहारनपुर वालों के मुख 22 मार्च से प्रतिदिन सायंकाल 3.30 बजे से 6.30 बजे तक संगीतमय श्री रामकथा की जायेगी। 30 मार्च को प्रातः 10 बजे श्रीराम चरित मानस के पाठ का समापन होगा। जिसके पश्चात श्री सनातन धर्म महावीर जी दल द्वारा दोपहर 12 बजे से श्री राम जी के अवतरण का दृश्य प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही सनातन धर्म स्त्री सत्संग सभा द्वारा श्री राम के अवतरण पर बधाई गीत गाये जायेंगे। आगामी 31 मार्च को प्रातः 8 बजे मां ज्वाला जी की ज्योति का विसर्जन किया जायेगा। जिसके पश्चात 3 अप्रैल को प्रातः 8.30 बजे हवन तथा दोपहर 12 बजे से लंगर प्रसाद वितरित किया जायेगा। श्री सनातन धर्म सभा, श्री सनातन धर्म युवा मंच, श्री सनातन धर्म महावीर दल व श्री सनातन धर्म स्त्री सत्संग सभा ने सभी धर्मप्रेमी जनता से उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में परिवार सहित पहुंचने का आग्रह किया है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

## सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र कासिम अली आये दिन घर में लड़ाई झगड़ा करता है। उसने कई लोगों से कर्जा ले रखा है जिस कारण वे लोग घर आकर परेशान करते हैं। पुत्र के गलत कार्यों से दुखी और परेशान होकर मैंने उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है और उससे अपने सारे रिश्ते नाते खत्म कर लिये हैं। भविष्य में कासिम अली अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य लेन देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।

**रिफाकत अली पुत्र छोटे अली**
निवासी-सुभाष कालोनी, वार्ड नं. 29, रूद्रपुर,
जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड, रुद्रपुर, ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शामा में कीवी उत्पादन से ग्रामीण कर रहे स्वरोजगार

## विधायक गड़िया व क्षेत्रवासियों ने किया कोश्यारी का भव्य स्वागत,बोले भारत के मानचित्र पर कपकोट की अलग पहचान





कपकोट (उद संवाददाता)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी इन दिनों क्षेत्र भ्रमण पर हैं। उनके स्वागत में पहली बार मे ही विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की। वही उन्हें उनके ही आशीर्वाद से मुख्यमंत्री के दाहिने हाथ के रूप में भी जाना जाता है। कहा कि रही है, वही कपकोट विधानसभा पहुँचने पर विधायक सुरेश गढ़िया ने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया, में कपकोट की अलग पहचान है। वही शामा पहुँचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। शामा में आयोजित कार्यक्रम में कोश्यारी ने कहा कि लीची,





जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। विधायक सुरेश गढ़िया ने अपने राजनैतिक गुरु और ख्याति दिलाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री के भव्य स्वागत के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ी है। उनके आशीर्वाद की बदौलत बिना कोई संगठन अहौदा और अन्य कोई चुनाव लड़े बगैर कपकोट के विकास के लिए लगातार काम करते रहूंगा। उन्होंने कहा कि कोश्यारी जी ने जो कार्य यहां के लिए किए हैं उसे आगे बढ़ाने का कार्य दिन रात जारी है।मालूम हो कि कपकोट के विधायक सुरेश गढ़िया पर पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल की कृपा दृष्टि शनिवार को शामा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि कपकोट के लोगों ने जो प्यार उन्हें दिया उसे वह भूल नहीं सकते हैं। यहां के लोगों की वजह से वह सीएम व राज्यपाल बने। आज भारत के मानचित्र आम तथा कीवी उत्पादन के लिए यहां की आबोहवा बेहतर है। शामा में कई लोग कीवी उत्पादन कर रहे हैं। इससे उनकी आर्थिकी मजबूत हुई है। उन्होंने लोगों से दुग्ध उत्पादन व फल उत्पादन करने की अपील की। स्वरोजगार के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। उद्यान विभाग सब्सिडी में उपकरण व जानकारी दे रहा है। मौन पालन से भी बेहतर कमाई कर सकते हैं। स्वरोजगार से वीरान हो चुके गांव भी दोबारा आवाद होंगे। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देब, ब्लाक प्रमुख गोविंद दानू, राम सिंह कोरंगा, विक्रम सिंह शाही, दयाल सिंह ऐठानी, गीता ऐठानी, नारायण सिंह कोश्यारी,वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व प्रधान गणेश उपाध्याय, गिरीश जोशी, ओमप्रकाश ऐठानी, भगवत कोरंगा, बलवीर टाकुली, कृष्णा, एसडीएम मोनिका, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन हरि सिंह, कमल मिश्रा व भुवन गड़िया ने किया।

# सरकारी खजाने की बन्दर बांट कर रही सरकार : सुमित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश की भाजपा सरकार सरकारी खजाने का भ्रष्टाचारियों में बन्दर बांट कर रही है। प्रदेश के विकास के प्रति सरकार कभी भी गंभीर नहीं रही। पत्रकारों से बातचीत करते विधायक सुमित हृदयेश ने कहा प्रदेश के अंदर हर काम के लिए गब्बर सिंह टैक्स वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान विपक्ष के विधायकों के साथ पक्षपात पूर्ण बर्ताव किया गया। स्पीकर का रवैया देखकर मानो ऐसा लगा कि वह सिर्फ सरकार का माउथपीस बनकर रह गई। सरकार ने 70 हजार करोड़ का बजट पेश किया जिसमें विकास के लिए केवल 10.5 प्रतिशत ही रखा गया है। श्री हृदयेश ने कहा विधानसभा अध्यक्ष ने नियमों के विरुद्ध विपक्ष के विधायकों को निलंबित किया। विपक्ष के विधायकों की मांग है कि प्रदेश को सूखाग्रस्त घोषित किया जाए, साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों का बुरा हाल है। धामी सरकार उत्तराखंड को कर्ज के दलदल में डुबो रही। उन्होंने कहा दिया मुख्यमंत्री खुद प्रधानमंत्री मोदी का गुणगान करते रहे। उन्होंने कहा सरकार ने सुनियोजित साजिश के तहत बजट सत्र को अल्पअवधि में ही खत्म कर दिया। ग्राफ शून्य के स्तर पर पहुच चुका है। सालाना बजट में युवाओं को लेकर की गई घोषणाओं पर जब विधायक से पूछा गया तो उन्होंने कहा उत्तराखंड प्रदेश को



कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी के विकास के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विधानसभा के बजट सत्र को सरकार ने मोदी मय कर सुमित हृदयेश ने कहा कि राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा प्रदेश के विकास के लिए गंभीर नहीं है आय के स्रोतों की कमी के चलते राजस्व प्राप्ति का लगातार कर्ज के दलदल में डुबो रही है। धामी सरकार ने सरकारी खजाने का मुंह सरकार में बैठे भ्रष्टाचारियों में बन्दर बांट के लिये खोला है न कि युवाओं के लिए।

# विद्युत उपभोक्ताओं से वसूल किया बकाया बिल, एक दर्जन कनेक्शन काटे

गदरपुर(उद संवाददाता)।अधीक्षण अभियंता ने रुद्रपुर सर्किल के विभिन्न अधिकारियों,कर्मचारियों को निर्देश दिया था कि बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राजस्व वसूली में तेजी लाई जाये।इसी क्रम में गदरपुर उपखंड अधिकारी फरमान जैदी के दिशा निर्देशन में जेई अफसान सैफी ने अपनी टीम के साथ गदरपुर आवास विकास में राजस्व वसूली अभियान चलाया।एक दर्जन बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए कुछ उपभोक्ताओं ने राजस्व वसूली टीम को अपने बकाया बिलों का भुगतान किया। वही जेई




अफसान सैफी ने कहा कि गदरपुर एसडीओ फरमान जैदी के दिशा निर्देशन में हर रोज बकायेदारों के लिए हमारा कैंप लगेगा इस कैम्प के माध्यम से जिन के बिल खराब है उनको भी सही किया जा रहा है, जिन उपभोक्ताओं का बिल बकाया है वह अपना बिल समय से जमा करा दें अन्यथा उनके घर का कनेक्शन काट दिया जाएगा यदि कटा कनेक्शन बकाया उपभोक्ता जोड़ता या चोरी करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज हमारी टीम द्वारा बकाया उपभोक्ताओं से लगभग दो लाख चौहत्तर हजार वसूले गए।इस दौरान अफसान सैफी जेई, मनीष लाइन मैंन, भगवान दास, सचिन शर्मा, विजय वसूली टीम में उपस्थित रहे।

# मारपीट व धमकी में सगे भाईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

काशीपुर। गाली गलौज मारपीट को जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर रामनगर रोड निवासी सचिन मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय कामेश्वर नाथ मेहरोत्रा ने बताया कि बीते 17 मार्च को ग्राम बैंतवाला थाना कुंडा निवासी सुनील कुमार व देवेंद्र कुमार पुत्र रणवीर सिंह ने उनके साथ मामूली बात पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी भाइयों द्वारा मुंह खोलने की आवाज में जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 504 506 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# अतिक्रमण हटाने से फड़ व्यापारियों में आक्रोश

## पालिका द्वारा चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान में लगभग दस कच्चे और पक्के दुकानों पर चला बुल्डोजर

बागेश्वर(उद संवाददाता)। अस्पताल रोड पर अतिक्रमण हटाने पहुंची पालिका की टीम के सामने लोगों ने जमकर हंगामा काटा। लंबे समय बाद पालिका कुछ करने की जहमत उठाने लगा,पर जब पालिका ने नियमों को ताक में रखकर भागरथी नाले में नाले के उपर दुकानें बनाकर खुद ही नियमों की धज्जियां उड़ाई हो तो फिर कोई और क्यों अतिक्रमण क्यों ना करे। विदित हो कि नदी नाले में किसी भी प्रकार से कोई भी निर्माण कार्य करने पर न्यायालय द्वारा रोक लगाई गई हो, उसके बाद भी नगर में पालिका द्वारा कैसे दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान बनवाकर उनसे किराया वसूला जा रहा है, जबकि फड़ लगाने वालों को मनमाने स्थान पर फड़ लगाने की स्वीकृति, रोजाना कर वसूली करना,फिर नदी को साफ रखने के कोर्ट के सख्त आदेश के बाद नदी में मल प्रवाहित करना,नदी को कूड़ेदान बनाना,उसके बाद पालिका द्वारा कोई सुध नही लेना स्वच्छ भारत और नमामि गंगे, अभियान में नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के अभियान चलाने के दावे की भी पोल खोलती है। पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने के अभियान में ट्रामा सेंटर की तरफ से लगभग 10 कच्चे और पक्के दुकानों पर बुल्डोजर चला और उन्हें हटा दिया गया। श्रीनौला पहुंचने पर लोगों के विरोध के कारण अतिक्रमण पर ब्रेक लगा। फड़ व्यापारियों में अभियान सेआक्रोश है। उन्होंने पहले पालिका से उन्हें दुकान आवंटित करने और फिर अतिक्रमण हटाने की मांग की है।शनिवार को नगर पालिका बुल्डोजर मशीन लेकर अस्पताल रोड पर पहुंच गई।एक सप्ताह पूर्व 20 अतिक्रमण कारियों को नोटिस दिए गए थे। उनसे सामान हटाने और दुकान खाली करने को कहा गया। लेकिन वह धड़ल्ले से काम कर रहे थे। अधिशासी अधिकारी




सतीश कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने गई टीम ने ट्रामा सेंटर की तरफ से लगभग सात फड़ हटा दिए। जिसके बाद वहां बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। टीम से तीखी नोकझोंक हुई। फड़ व्यापारियों ने कहा कि वह कई वर्षों से यहां फड़ लगा रहे हैं। पालिका को प्रतिदिन 20 से 50 रुपये शुल्क भी दे रहे हैं। उन्हें पालिका के माध्यम से बैंकों से ऋण भी मिला है। जिसका ब्याज और किश्त जमा करने के लिए उन्हें रोज काम करना है। फड़ हटने से उनकी रोजीरोटी पर असर पड़ेगा। पालिका उन्हें दूसरे स्थान पर फड़ दे और वह अस्पताल रोड से अपनी दुकान हटा लेंगे। बीच में पहुंचे पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण फड़ व्यापारियों की तरफ हो गए। उन्होंने कहा कि वह एक भी फड़ को हटने नहीं देंगे। सीएमओ से भी बात करेंगे। जिन लोगों ने सड़क पर कब्जा किया है, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। गरीब लोगों को परेशान किया जा रहा है। जिस पर पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान थम गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि पालिका द्वारा पहले नियम विरुद्ध कमाई के लिएनदी नालों पर अवैध रूप से बनाई गई दुकानोंको हटाए, और फड़ व्यवसाईयों के लिए कोई सुनिश्चित स्थान निर्धारित करवाने के बाद ही कार्रवाई की जाए, साथ ही जिन स्थानों पर अनावश्यक रूप से दिक्कतें हो रहीहो वहाँ उन्हें अन्यत्र स्थापित करने की कार्रवाई की जाए। ईओ सतीश कुमार ने कहा कि शीघ्र बैठक बुलाई जाएगी। अतिक्रमण हटाने के लिए पुनः अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान फड़ ऐसोसिएशन के अध्यक्ष किशन राम, , भीम कुमार, सभासद धीरेंद्र परिहार, राहुल साह आदि ने कहा कि फड़ हटाए जा रहे हैं। लेकिन पालिका उनकी कोई व्यवस्था नहीं कर रही है।